आइआइएम को मिला 650 सीटों वाला सभागार

सांसद परिमल नाथवानी ने ऑनलाइन किया उद्घाटन

PICS : DAINIK JAGRAN I NEXT

ऑनलाइन सांसद.

सभागार का किया गया उद्घाटन.

ranchi@inext.co.in

RANCHI (14 Dec) : भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) रांची को अपना पहला भवन सोमवार को मिला. इसमें 650 लोगों के बैठने की क्षमता है और आधुनिक आइटी तकनीकों, ऑडियो-वीडियो सुविधा से लैस है. सभागार पूर्ण रूप से वातानुकूलित है. नवनिर्मित भवन का ऑनलाइन उद्घाटन राज्यसभा सदस्य परिमल नाथवानी ने किया. आगामी 15 दिसंबर को आइआइएम अपना 12वां अपना दिवस इसी भवन परिसर में मनाएगा. अब तक संस्थान के समस्त छोटे-बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किराये के भवन में किया जाता रहा है.

13.56 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है भवन

गर्व की बात

राज्यसभा सदस्य परिमल नाथवानी ने आइआइएम रांची के नए सेमिनार खंड के उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत के शीर्ष प्रबंधन संस्थाओं में स्थान पाने वाली भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची के विश्व स्तरीय सेमिनार हॉल का उद्घाटन करना उनके लिए गर्व की बात है. विस्तार विकास निधि से 13.56 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 40,000 वर्ग फीट में फैले हुए इस ऑडिटोरियम की क्षमता 650 लोगों की है. सेमिनार हॉल शैक्षणिक विश्व और कारपोरेट को जोड़ने का कार्य करेगा. उन्होंने बताया कि वह आशा करते हैं कि सेमिनार हॉल लर्निंग सेंटर के रूप में उभरकर आएगा.

iNext,15.12.2020, Pg. 05